भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3260
गुरुवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

वायु संपर्क का सुदृढ़ीकरण

3260. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना-उड़ान योजना के अंतर्गत दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के निकट वायु संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए संभावित हवाई पट्टी/हेलीपैड के लिए कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस क्षेत्र में पर्यटन और औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए नई उड़ानों की शुरुआत के लिए कोई योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस संबंध में गुजरात राज्य सरकार के साथ कोई समन्वय स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या इसके लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत वैध बोली के माध्यम से हवाईअड्डों की पहचान और चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एएसओ) को अवार्ड किए जाने के बाद मौजूदा असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन किया जाता है।

गुजरात राज्य सरकार के अनुरोध पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की एक बहु-विषयक टीम ने दाहोद जिले में हवाईअड्डे के विकास के लिए प्रस्तावित स्थल का पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करने हेतु साइट का दौरा किया, जिसमें पाया गया कि प्रस्तावित साइट को तकनीकी रूप से व्यवहार्य है। पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट दिनांक 22.07.2024 को राज्य सरकार को भेज दी गई थी। राज्य सरकार ने साइट को जनजातीय क्षेत्र होने के कारण परिवर्तित कर दिया है और संशोधित योजना हेतु अनुरोध किया है। परिवर्तित साइट भी तकनीकी रूप से व्यवहार्य पाई गई। तदनुसार, संशोधित रिपोर्ट फरवरी, 2025 में अग्रेषित की गई थी।

*****